# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 37 भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**प्रश्न 1.**
पं० नेहरू, इन्दिरा जी को किस प्रकार की शिक्षा देना चाहते थे? इसके लिए उन्होंने क्या किया?
**उत्तर :**
पं० नेहरू, इन्दिरा जी को ऐसी शिक्षा देना चाहते थे, जिससे उनका बहुमुखी विकास हो। इसके लिए उन्होंने अपनी पुत्री से पत्रों द्वारा सम्पर्क बनाए रखा और उस पर अपने व्यक्तित्व की छाप छोड़ी।

**प्रश्न 2.**
"वानर सेना' किस प्रकार स्वतन्त्रता सेनानियों की सहायता करती थी?
**उत्तर :**
'वानर सेना के बालक स्वतन्त्रता सेनानियों को संदेश पहुँचाकर, प्राथमिक सहायता देकर, खाने की व्यवस्था करके तथा झण्डा फहराकर सहायता करते थे।

**प्रश्न 3.**
प्रधानमंत्री के रूप में इन्दिरा जी की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख कीजिए।
**उत्तर :**
प्रधानमंत्री के रूप में इन्दिरा जी अनेक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए। उन्होंने देश की दुखती रग को समझा और गरीबी हटाओ का नारा दिया। बीस सूत्रीय कार्यक्रमों द्वारा उन्होंने अनेक उपलब्धियाँ अर्जित कीं। विज्ञान और तकनीकी विकास के साथ परमाणु शक्ति का विकास हुआ तथा देश अन्तरिक्ष युग में पहुँचा।

**प्रश्न 4.**
इन्दिरा जी के किन गुणों ने आपको सर्वाधिक प्रभावित किया?
**उत्तर :**
इन्दिरा जी के प्रमुख गुण-निर्भीकता, आत्मविश्वास, धैर्य, साहस और राजनैतिक कुशलता ने हमें बहुत प्रभावित किया है।

**प्रश्न 5.**
सही **(✓)** अथवा गलत **(✗)** का निशान लगाइए (सही-गलत का निशान लगाकर)
**(अ)** इन्दिरा जी ने वानर सेना का गठन किया। **(✓)**
**(ब)** इन्दिरा जी को अनुशासन में रहना पसन्द नहीं था। **(✗)**
**(स)** सन् 1962 में वे यूनेस्को अधिशासी मण्डल की अध्यक्ष बनीं। **(✓)**
**(द)** भारत के प्रथम अन्तरिक्ष यात्री राकेश शर्मा थे। **(✓)**

**प्रश्न 6.**
नीचे लिखे विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए (सही उत्तर चुनकर)
**(क)** इंदिरा जी को गहन राजनीतिक प्रशिक्षण दिया –

https://www.evidyarthi.in/

- पं. मोतीलाल नेहरू ने
- पं. जवाहर लाल नेहरू ने **(✓)**
- महात्मा गांधी ने
- श्री फिरोज गांधी ने

**(ख)** इंदिरा जी की हत्या कब हुई –

- 30 अक्टूबर 1984 ई०
- 31 अक्टूबर 1984 ई० **(✓)**
- 31 अक्टूबर 1983 ई०
- 30 अक्टूबर 1974 ई०

https://www.evidyarthi.in/